हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

10 एनक्वास टीम ने नागरिक अस्पताल की टटोली नब्ज



10 सम्मान समारोह को लेकर लोगों में खुशी की लहर



## खबर संक्षेप

### हत्या करने का एक आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने गांव सफाखेड़ी के निकट कार से उतार व्यक्ति की हत्या करने के एक आरोपित को गिरफतार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पटेल नगर नरवाना निवासी दिनेश ने गत 24 जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका चचेरा भाई राजू शाम दोस्तो के साथ गांव सफाखेड़ी अन्नू के खेत मे ट्यूबवैल पर गया था।

### पेड़ काटने के आरोप में पिता-पुत्र नामजद

**कैथल।** नगर पालिका चीका क्षेत्र से हजारों रुपये के सफेदे के पेड़ काटने के आरोप में पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव टटियाना के भाग सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि टटियाना के चंद्रभान और उसके बेटे ईश्वर ने सेगा प्लांट चीका के निकट नपा चीका की जमीन से 80000 के 16 सफेदे के पेट काट कर बेच दिए।

### महिला अधिकारी से बदसलूकी करने पर कर्मचारी नामजद

**जींद।** जिले के सरकारी महकमे की महिला अधिकारी से अधीनस्थ कर्मी द्वारा गाली गलौज करने, अभद्र व्यवहार करने तथा बुरी नजर से देखने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने महिला अधिकारी की शिकायत पर आरोपित कर्मी के खिलाफ बुरी नजर से देखने, पीछा करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

### रिश्तेदार बनकर 99990 रुपये ठगे, मामला दर्ज

**कैथल।** साइबर थाना पुलिस द्वारा रिश्तेदार बनकर एक व्यक्ति से 99990 रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एंप्लाइज कॉलोनी के सतपाल ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 जुलाई को रात के समय उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया जिसने खुद को उसका रिश्तेदार रजत कलशन बताया था।

### चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** थाना शहर जींद निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि गत दस जून को उचाना निवासी आशीष ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसका कार्यालय मंडी प्रोपटाईल अग्रवाल टेडर्स के नाम से है। उसका खाता पीएनबी बैक में है। जिसका चैक दो लाख 10 हजार रुपये का चोरी हो गया है। गत दस जून को उसके फोन पर मैसेज आया कि दो लाख दस हजार रुपये उसके खाते से निकाले गए हैं।

### बाइक चोरी मामले में नाबालिग संग 3 काबू

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा एक नाबालिग को निरुद्ध करने के अतिरिक्त 2 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 5 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रजनी कालोनी कैथल निवासी मोहन लाल की शिकायत अनुसार 22 जून को छात्रावास रोड़ कैथल स्थित दुकान के सामने से उसकी बाइक अज्ञात चोरी कर ले गए थे।

## हाथापाई के दौरान बचाव के लिए रिवाल्वर निकाली तो हत्यारों ने उसे छीन मार दी गोली

# बदमाशों के हौंसले बुलंद, सरेराह सरपंच की हत्या

### व्यस्त जींद-गोहाना मार्ग पर रात को घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर छोड़ा सवाल

### ग्रामीणों ने हत्या पर जताया रोष, डीएसपी ने मौके पर पहुंच किया शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव चाबरी के सरपंच की रात को की गई हत्या से ग्रामीणों में भारी रोष है। हत्या योजना का हिस्सा रही है या नशेडियों की वारदात या फिर कोई अन्य एंगल रहा हो, जोकि पुलिस जांच का विषय है। व्यस्त जींद -गोहाना मार्ग पर रात को हुई सरपंच की हत्या सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़ी कर रही है। हालांकि हत्या से पूर्व सरपंच पुलिस को सूचना देने मे कामयाब हो गया था। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती तब तक उसकी हत्या हो चुकी थी। गांव में अकेला परिवार होने के बाद भी गांव का सरपंच बनना मृतक का गांव में अपना रसूख भी दिखाता है। व्यस्त मार्ग पर ऐसी घटनाएं लोगों के जेहन मे उतर जाती है। मृतक सरपंच रोहताश मूलतः गांव शामड़ी सोनीपत का रहने वाला था। लगभग 25 साल पहले वह परिवार समेत गांव चाबरी में रहने लगा। एमपीएचडब्लू डिप्लोमा होने के चलते गांव में प्रेक्टिस भी शुरू कर दी। जिससे गांव में रसूख भी अच्छी बन गया। गांव में अकेला परिवार होने के बाद भी वर्ष 2023 मे गांव के सरपंच निर्वाचित हुए थे। ग्रामीणों के अनुसार सूचना मिलने के साथ मौके पर पहुंच जाते थे। मृतक अपने पीछे दो बच्चे तथा पत्नी छोड़ गए हैं। गांव चाबरी का सरपंच बीती देर रात फोन आने पर बाइक पर घर दवाई वाला बैग लेकर निकला था। साथ में उसके पास लाइसेंसी रिवाल्वर भी था। परिजनों ने सोचा कि गांव में कही गए हैं। आमतौर पर गांव से बाहर जाते समय अपनी गाड़ी लेकर जाते थे। गांव पिंडारा के निकट जींद-गोहाना मार्ग पर अज्ञात लोगों ने रोहताश को घेर लिया। हाथापाई भी हुई। हत्यारों ने रोहताश से रिवाल्वर छीन कर उसी को गोली मार दी। जिसके बाद हत्यारे रिवाल्वर समेत अन्य सामान छोड़ कर फरार हो गए। लेनदेन या रजिश या फिर कुछ और बना सवालः सरपंच की हत्या के बाद उसका सामान सही सलामत मिला है। चाहे वह रिवाल्वर हो या बाइक व दस्तावेज, मोबाइल फोन सही सलामत मिले हैं। सरपंच ने हत्या से पूर्व डायल 112 को फोन पर चार युवकों द्वारा घेरने की सूचना दी गई थी। जब तक डायल 112 मौके पर पहुंचती तब हत्यारे वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। अब सवाल यह उठता है कि रात को सरपंच किस व्यक्ति के पास यहां जींद आया था।

लूट उद्देश्य होता तो सामान लूटा जाता। रंजिश परिजन किसी के साथ नही बता रहे। आपसी लेनदेन जरूर चलता रहता है। हत्या के पीछे क्या कारण रहे यह भी बडा सवाल बना हुआ है। जिस स्थान पर सरपंच रोहताश को गोली मारी उसके साथ माइनर है। घटना स्थल के जायजे के दौरान माइनर पटरी पर चार खाली प्लास्टिक के गिलास, बीयर की खाली बोतल तथा कैन मिली। आसपास के किसानों के अनुसार शाम को पटरी पर शरारती तत्वों, नशेडियों का जमावड़ा लग जाता है। व्यस्त मार्ग के साथ पटरी पर शरारती तत्वों व नशेडियों का जमावडा लगना भी भविष्य की वारदातों की तरफ संकेत करता है। गिरफ्तारी पर अड़े ग्रामीणों ने जताया रोष, डीएसपी ने किया शांतः पोस्टमार्टम होने के बाद ग्रामीण आरोपितों की गिरफ्तारी पर अड़ गए और शव ले जाने से मना कर दिया। जुलाना पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा ने कहा कि एक माह मे 16 हत्या हो चुकी है। राह चलते लोगों की हत्या हो रही है। ऐसे हालातों में सुरक्षित कौन है।

ग्रामीणों के बिफरने की सूचना पाकर डीएसपी संजय कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि गुत्थी को जल्द सुलझा लिया जाएगा। पुलिस टीमें लगातार कार्य कर रही हैं। ग्रामीण भी इसमे सहयोग करें। इनपुट मिलते ही पुलिस तुरत कारवाई करेगा। जिस पर ग्रामीण शव को ले जाने का राजी हो गए।



जींद। सिविल लाइन थाना प्रभारी से बातचीत करते डीएसपी संजय।



जींद डीएसपी संजय से हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग करते परिजन।

### मामले की जांच की जा रही

डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि सीआईए की दो टीमों के अलावा सिविल लाइन थाना की टीम जांच में जुटी हुई है। गोहाना रोड पर सीसी टीवी फुटेजों को खंगाला जा रहा है। साइबर सेल की सहायता ली जा रही है। चार लोगों को भी पूछताछ के लिए राउंडअप किया गया है। अलग-अलग एंगल से मामले की जांच की जा रही है।



जींद। मृतक के बेटे के बयान लेते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि



जींद। चाबरी के सरपंच की हत्या के मामले में रोष जताते जींद ब्लॉक के सरपंच।

## गांव चाबरी सरपंच हत्याकांड मामले में सरपंचों का चढ़ा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव चाबरी के सरपंच रोहताश की हत्या के मामले में सरपंचो का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। सरपंचों ने सुरक्षा के सिस्टम पर सवाल दागते हुए सरकार से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने के साथ-साथ पीड़ित परिवार को संकट के इस दौर में पूरी तरह से साथ देने का भरोसा जताया है। इसके साथ-साथ सरपंचों ने इस मामले में 19 जुलाई को जुलाना में आ रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को ज्यों ही जींद ब्लॉक के सरपंचों को चाबरी के सरपंच रोहताश की हत्या के मामले की सूचना मिली त्यों ही वे जींद में गांव हैबतपूर के नजदीक एकत्र होना शुरू हो गए।

इस मामले में दर्जनो सरपंचों ने गहरा रोष जताते हुए सरकार के सिस्टम पर भी जम कर सवाल छोड़े। एसोसिएशन के उपप्रधान नरेश भुक्कल, सरपंच दीपक रूपगढ़, रिषीपाल हैबतपूर, सूरज मेहरा जीतगढ़, अजीत बड़ौदी, कमल अशरफगढ़ सहित अनेक गांवों के सरपंच मौजूद रहे। इस दौरान बैठक कर सरपंचों ने निर्णय लिया की 19 जुलाई को मुख्यमंत्री के आगमन पर जुलाना में ज्ञापन सौंपा जाएगा। सरपंच दीपक, रिषीपाल और नरेश भुक्कल ने कहा कि हरियाणा में जिस तरह अपराधिक घटनाएं घट रही हैं, वह बड़ी चिंता का विषय बन गई है। जींद जिले में पिछले दो माह के दौरान जिस तरह वारदातें सामने आ रही है, उससे सुरक्षा के सिस्टम पर बड़े सवाल उठने लगे है। 17-18 जुलाई की मध्यरात्रि को गांव चाबरी के सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस बड़ी दर्दनाक घटना से जहां समाज पूरी तरह से सहम गया वहीं यह बात तय हो गई की बदमाश बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे है।

## रजिस्ट्री के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप, पांच माह से फरार चल रहा पूर्व तहसीलदार गिरफ्तार

■ मामले में गुहला तहसील का क्लर्क पहले ही गिरफ्तार हो चुका है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अंबाला की टीम ने शुक्रवार शाम पांच माह से फरार चल रहे गुहला के पूर्व तहसीलदार मंजीत मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी की कार्रवाई एसीबी अंबाला के डीएसपी मुकेश जाखड़ के नेतृत्व में की । तहसीलदार को लघु सचिवालय के पास से गिरफ्तार किया गया है। तहसीलदार पर रजिस्ट्री के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप है। जबकि मामले में गुहला तहसील का क्लर्क पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। शिकायतकर्ता ने एसीबी को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसने अमर सिटी कॉलोनी चीका जिला कैथल में 151 गज का प्लाट खरीदा था। प्लॉट की रजिस्ट्री वह अपनी भाभी के नाम करवाने के लिए मंजीत मलिक, तत्कालीन तहसीलदार गुहला, जिला कैथल से मिला। उसने उसको प्रदीप रजिस्ट्री क्लर्क, कार्यालय तहसील गुहला से मिलने के लिए कहा। जब वह आरोपी प्रदीप कुमार, रजिस्ट्री क्लर्क तहसील गुहला जिला कैथल से मिला तो आरोपी प्रदीप उपरोक्त द्वारा उसकी भाभी के नाम प्लॉट की रजिस्ट्री करने की एवज में उससे 10 हजार बतौर रिश्वत की मांग की। उपरोक्त शिकायत पर कार्यवाही करते राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अंबाला ने आरोपी रजिस्ट्री क्लर्क तहसील गुहला को शिकायतकर्ता से 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

### मेहनताना देने की मांग उठाई

**जींद।** स्टेज कैरिज बस ऑपरेटर वेलफेयर एसो. ने सीईटी परीक्षा में लगाए जाने वाली परिवहन समिति के चालक और परिचालकों को सही मेहनताना देने की मांग की है। एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान डा. धन सिंह ने कहा कि 2022 में सीईटी परीक्षा हुई थी और अब 2025 में भी 26 और 27 जुलाई को सीईटी परीक्षा होने जा रही है। उस समय विभिन्न विभाग के सरकारी कर्मचारी जिन्होंने सीईटी परीक्षा को सफल बनाने में सहयोग किया था, उनको भी निर्धारित समय अवधि में मानदेय जारी कर दिया गया। उस समय रोडवेज कर्मचारियों को खाना की भी सुविधा दी गई। केवल परिवहन समिति के बस संचालकों को 72 घंटे काम लेने के बावजूद उनका मेहनताना नही दिया गया। डीजल भी जो दिया गया वह नामात्र का था और वह भी पूरा नहीं दिया गया। इसकी मांग यूनियन के पदाधिकारी द्वारा पहले ही की जा चुकी थी। इस बार फिर वह सरकार से मांग करते हैं कि रोडवेज द्वारा तय नियमों के अनुसार विद्यार्थियों को निर्धारित परीक्षा केंद्र पर ले जाने के लिए लगाई जाने वाली परिवहन समिति की बसों को भी रोडवेज बसों की तरह मेहनताना दिया जाए।

### व्यापारिक प्रतिष्ठान को किया सील

**कैथल।** गुहला चीका नपा की भूमि में पिहोवा रोड वार्ड नंबर 17 में अवैध रूप से चल रहा एक व्यापारिक प्रतिष्ठान सील कर दिया गया है। नपा सचिव जितेंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त व्यापारिक स्थल में संबंधित व्यक्ति ने काम शुरू करने से पहले न तो सीएलयू की मंजूरी ली थी और न ही उसके पास प्रदूषण सर्टिफिकेट आदि सहित कई अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं थे। बताया कि चीका शहर के राजपाल नामक व्यक्ति ने उक्त व्यापारिक स्थल के अवैध रूप से चलाए जाने की शिकायत की थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए उस व्यापारिक स्थल को सील कर दिया गया। मौके पर बने प्रतिष्ठान पर नोटिस चिपकाकर आमजन को आगाह किया गया कि उक्त व्यापारिक प्रतिष्ठान को नपा अधिनियम-1973 की धारा के तहत चीका नपा द्वारा सील किया है, ताकि प्रतिष्ठान का मालिक किसी आमजन को गुमराह न कर सके। राजपाल ने बताया कि इससे पहले भी 9-10 करोड का धान घोटाला कर सरकार को चूना लगा चुका है सारा नुकसान चीका के आढतियों को अपनी जेब से भरना पड़ा था।

## कैथल में खाकी की दबंगई, यातायात नियमों की अवहेलना पर एसपीओ ने बाइक चालक को मारा डंडा व जड़े थप्पड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में शुक्रवार खाकी की दबंगई सामने आई है। यातायात नियमों की अवहेलना करने पर एक एसपीओ द्वारा बाइक चालक युवा को डंडा मारा गया तथा तैश में आकर सरेआम उसे थप्पड़ भी जड़ दिए। यह मामला शहर के नए बस स्टैंड के पास समीप सर छोटू राम चौक पर शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच हुआ। इसे लेकर पुलिस और बाइक सवार तीन युवकों के बीच विवाद हो गया। इस विवाद के बाद यहां पर हंगामा हो गया। इस मामले में बाइक सवार युवक ने चालान काटने की ड्यूटी पर तैनात एसपीओ पर थप्पड़ मारने के आरोप लगाए। वहीं, यहां पर भीड़ के दौरान एकत्रित कुछ अन्य लोगों ने भी एसपीओ पर ई-रिक्शा और अन्य बाइक सवारों की बाइक के आगे आकर रोकने के आरोप लगाया। इन लोगों का भी कहना था कि यह एसपीओ वाहन चालकों को बेवजह परेशान करता है। इस मामले में युवक लवली ने आरोप लगाया कि एसपीओ सर छोटू राम चौक पर चालान काटने के लिए खड़ा था। वह बाइक पर अपने दो साथियों के साथ आ रहा था। वह ब्रेकर के पास पहुंचा तो सामने से एसपीओ ने आकर उसकी छाती में डंडा मारा। इसके बाद जब उसने बाइक रोकी तो तैश में आकर उसे दो से तीन थप्पड़ मार दिए। इसके बाद बाइक का भी करीब पांच हजार रुपये का चालन काट दिया। युवक ने कहा कि नियमों के तहत कोई भी पुलिस कर्मी बीच सड़क में थप्पड़ नहीं मार सकता और व किसी प्रकार की मारपीट कर सकता है। इसलिए इस पुलिस कर्मी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, एसपीओ कर्मबीर ने कहा कि वह शुक्रवार को अपनी ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के चालान काटे जा रहे थे।



### सरकार ने जारी किया ये आदेश

मामले में सिविल लाइन थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एसपीओ और युवकों के बीच हुए विवाद का मामला संज्ञान में नहीं है। यदि यह मामला संज्ञान में आने के बाद जांच की जाएगी। यदि जांच में कुछ सामने आया तो कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### पिल्लूखेड़ा में 22 को जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव

जींद। सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 22 जुलाई को पिल्लूखेड़ा गांव के राजकीय माध्यमिक स्कूल में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान डीसी मोहम्मद इमरान रजा द्वारा आमजन की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करने के प्रयास किए जाएगें। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में जिला प्रशासन के सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे।

### अपराध रोकने में सरकार नाकाम

जींद। जजपा प्रेस प्रवक्ता विकास जांगड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार अपराध रोकने में नाकाम रही है। हर रोज प्रदेश में चोरी, डकैती, लूटपाट की घटनाएं घट रही हैं। जींद जिले की बता की जाए तो लगातार क्राइम बढता जा रहा है। अपराधी सरेआम घटना को अंजाम दे रहे हैं। भाजपा सरकार को चाहिए कि अपराध रोकने के लिए ठोस कदम उठाएं। आज आम आदमी भाजपा के राज में असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है।

### प्राध्यापक पर हमला करने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई

जींद। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसो.(हसला) जींद के जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान ने बताया कि कैथल जिला के राजकीय वमावि सेरधा में रसायन विज्ञान विषय के प्राध्यापक सुरेंद्र सिंह पर गांव के कुछ आवारा तत्वों द्वारा बृहस्पतिवार को जानलेवा हमला किया गया। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसो (हसला) जींद शिक्षकों पर रोजाना हो रहे हमलों की कठोर शब्दों में निंदा करता है। जोगेंद्र लोहान ने कहा कि समाज में शिक्षक को भगवान के समकक्ष माना जाता है।

### जींदः व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह 21 से मनाया जाएगा

जींद। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 21 से 25 तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू ने बताया कि सप्ताह का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के विभिन्न अवसरों और उनके लिए आवश्यक कौशल विकास के बारे में जागरूक करना है। सप्ताह के दौरान जिला स्तर पर एवं उपमंडल स्तर पर स्कूलों में विद्यार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही रोजगार विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे भी छात्रों को जागरूक किया जाएगा।

### कपास की फसल में लगने वाली बीमारी से करें बचाव

जींद। किसान एवं कल्याण विभाग के उपनिदेशक गिरीश नागपाल ने बताया कि गत दिनों में समय-समय पर हो रही मौसमी बारिश की वजह से कपास की फसल में हरा तेला, सफेद मक्खी एंव जड़ गलन रोग का प्रभाव देखने को मिलता है। उन्होंने संबंधित किसानों को सलाह दि कि बारिश के बाद खेत की निगरानी अवश्य करें तथा मौसम को देखते हुए स्प्रे, उपचार तथा हरियाणा कृषि विश्वविधालय द्वारा जारी हिदायतों का अनुसरण करें।

### पुरानी शिकायतें जल्द निपटाएं अधिकारी : डीसी

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि सीएम विंडो, जनसंवाद, समाधान शिविर और सीपी ग्राम पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का समय रहते हल निकाला जाए। कहा कि जो शिकायतें पुरानी हैं, उन्हें एक हफ्ते के भीतर हर हाल में निपटाया जाएए। बताया कि अब तक समाधान प्रकोष्ठ पर कुल 9489 समस्याएं प्राप्त हुई हैं। जिसमें से 8017 समस्याओं का समाधान हो चुका है व 109 पर अभी कार्य चल रहा है।

### हरफूल जाट जुलानी के नाम से गेट बनवाने की मांग रखी

जींद। माजरा खाप पंचायत जींद हरफूल जाट जुलानी की याद में जींद में नरवाना रोड अपोलो चौक पर हरफूल जाट जुलानी के नाम से बड़ा गेट बनवाने के लिए खाप पंचायतों ने अध्यक्ष नपा व डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा से मांग की है। माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंद्र सिंह संधू आदि ने कहा कि आज जो गाय बची है, वो हरफूल जाट जुलानी की देन है।

## जनरल, इमरजेंसी वार्ड का लिया जायजा, मरीजों से की बात

# एनक्वास टीम ने नागरिक अस्पताल की टटोली नब्ज

### टीम के दौरे के चलते अस्पताल में व्यवस्थाएं चाक चौबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) की टीम निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर पहुंची। टीम ने अस्पताल में व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया और जो छोटी-मोटी खामियां मिली, उसे तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। टीम ने स्पष्ट किया कि अस्पताल बिल्डिंग के रखरखाव को लेकर किसी तरह की कोई न रखी जाए। इस निरीक्षण का उद्देश्य सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना है। चार सदस्यीय टीम का यह रहा फोक्सः टीम का निरीक्षण के दौरान सबसे पहले साफ.-सफाई, मरीजों की दी जाने वाली सुविधाएं, इंफेक्शन कंट्रोल, रिकार्ड मेंटिनेंस, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का निरीक्षण करती है। इसके अलावा मरीजों के अधिकारों और अंत में प्रदेश सरकार की योजना संबंधी प्रश्न स्टाफ और इलाज के तौर तरीकों के बारे में जानकारी हासिल करने पर फोक्स रहा। इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, लैब का लिया जायजाः एनक्वास जांच के लिए राज्यस्तर से डा. गौरव, डा. सुखप्रीत, डा. मोनिका, नर्सिंग ऑफिसर मिनाक्षी ने नागरिक अस्पताल का गहनता से निरीक्षण किया व विभाग को सर्टिफिकेशन के लिए आवश्यक बिंदुओं पर कार्य करने के लिए सुझाव दिए। निरीक्षण को लेकर उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, लैब, फार्मेसी का निरीक्षण किया और यहां की व्यवस्थाओं को जांचने का काम किए। अस्पताल की नई बिल्डिंग में डेंटल ओपीडी को देखा। टीम के साथ सीनियर डेंटल सर्जन डा. दिनेश गुप्ता, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सुनीता दूहन ने टीम को अस्पताल का निरीक्षण करवाया। बाकायदा मरीजों से भी अस्पताल की व्यस्थाओं के बारे में सवाल किए गए। एनक्वास टीम ने निरीक्षण के दौरान स्टाफ को निर्देश दिए गए कि वो मरीजों के प्रति अपना व्यवहार शालीन बना कर रखें। जो मरीज चल नही सकते, उनको व्हीलचेयर व स्ट्रेचर उपलब्ध कराएं। टीम ने मुख्य वार्डों का भी निरीक्षण किया। टीम द्वारा अपनी रिपोर्ट को फाइल में बंद कर मुख्यालय में जमा करवाया जाएगा। टीम के दौरे की पहले ही अस्पताल प्रशासन को सूचना थी। जिसके चलते पहले नागरिक अस्पताल में खामियों को दूर कर व्यवस्था को चाक चौबंद रखा गया। निरीक्षण के दौरान कोई बड़ी खामी नजर न आए, इसका विशेष ध्यान रखा गया। पूरा स्टाफ अलर्ट मोड पर रहा। सभी चिकित्सक व स्टाफ नर्स सहित अन्य कर्मचारी ड्रेस कोड में दिखाई दिए।



जींद। नागरिक अस्पताल में निरीक्षण करते एनक्वास टीम। फोटो :हरिभूमि

### टीम के सुझावों पर अमल शुरू : डा. दिनेश

नागरिक अस्पताल के सीनियर डेंटल सर्जन डा. दिनेश गुप्ता ने बताया कि एक्रवास टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया है। टीम द्वारा अस्पताल प्रशासन को जो-जो सुझाव दिए गए हैं, उन दिशा-निर्देशों की पालना की जाएगी। अस्पताल 200 बैड का है और स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी है। बावजूद इसके अस्पताल में आने वाले मरीज को स्वास्थ्य विभाग की हर सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाता है।

## यूथ एजुकेशन सोसायटी ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव घिमाना के रावमा स्कूल में शुक्रवार को यूथ एजूकेशन सोसायटी जींद के तत्वावधान में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। जिसके तहत स्कूल परिसर में 460 फलदार व औषधिय पौधे लगाए गए। संस्था के प्रधान रमेश सैनी, सचिव किरण गिल ने बताया कि उनकी संस्था मानसून सीजन में लगातार दस साल से पौधा रोपण अभियान चलाती आ रही है। हर वर्ष की भाति संस्था ने विधालय परिसर मे 10 प्रकार प्रकार पौधे लगाए हैं। जिसमें फूल, फल, जड़ी बूटी के पौधे शामिल हैं। सचिव किरण गिल ने कहा कि पेड़ पौधों की हमारे जीवन में अहम भूमिका होती है। वातावरण दूषित होता जा रहा है। तापमान में भी बढोत्तरी हो रही है। इसलिए हर बच्चा अपने जन्मदिन या मां के नाम पर पौधा लगाए और परिवार की भाति उसकी देखभाल करते हुए उसे पेड़ बनाए। पेड़, फल, छांव देने के साथ आक्सीजन देकर वातावरण को भी साफ रखते हैं। स्कूल प्राचार्या पूनम देवी ने संस्था तथा स्टाफ का पौधा रोपण को लेकर आभार जताया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन पेड़ पौधा की बदौलत है।

पेड़ पौधे काटने के कारण पर्यावरण संतुलन बिगडा है। जिसके चलते प्राकृतिक आपदाओं में बढोत्तरी हुई है। भविष्य को बचाए रखने के लिए बच्चे पौधा रोपण के साथ पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करें। इस मौके पर अध्यापक अनिल कुमार, फतेह सिंह, विनोद कुमार, ममता देवी, पुष्पेंद्र सिंह, सुमन देवी, सुनीता समेत अन्य स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।



जींद। पौधरोपण करते हुए।



उचाना। डूमरखा कलां में आरोग्य मंदिर में पौधरोपण करत हुए। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण बचाने के लिए करें पौधरोपण

उचाना। डूमरखा कलां के आरोग्य मंदिर में भीष्म मानव कल्याण फाउंडेशन हरियाणा के तत्वावधान में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। मा. आनंद कौशिक ने अपनी माता कृष्ण देवी की पुण्यतिथि पर त्रिवेणी, दो चीकू के पौधे लगाने के अलावा छह अलग-अलग पौधे लगाए। चेयरमैन रिषिराम शर्मा ने कहा कि अपने जीवन में पौधरोपण जरूर करना चाहिए। एक पौधा मां के नाम से जरूर लगाने के साथ-साथ उसकी देखरेख भी करनी चाहिए। परिवार में कोई भी खुशी हो तो पौधरोपण जरूर करें। पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण करना आज जरूरी है। पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी बनती है। ऐसे में हमें चाहिए कि खुद पौधरोपण करने के साथ-साथ दूसरों को भी पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके शीशराम अत्री, रघुबीर शर्मा रेंजर, सुखदेव पटवारी मौजूद रहे।

### खंड-जिला स्तर पर विज्ञान संगोष्ठी का होगा आयोजन

जींद। विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम की ओर से खंड और जिला स्तर पर विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत जुलाई माह के अंत तक खंड स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को खंड स्तर पर प्रतियोगिता कराने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद अगस्त माह की शुरुआत में जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी (साइंस सेमिनार) आयोजित की जाएगी। खंड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले विद्यार्थी जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ये रहेगा शेडयूलः जिला स्तर पर चयनित विजेता सितंबर के प्रथम सप्ताह में गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी 30 अक्टूबर को बेंगलुरु स्थित विश्वेश्वरैया औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं से 10वीं तक पढने वाले सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। सेमिनार शुरू होने से पहले सभी प्रतिभागियों के लिए एक लिखित परीक्षा होगी।

### 61 में अरूण, 40 किलो में अनमोल विजेता

उचाना। आरोही मॉडल स्कूल घसो खुर्द में चल रही दो दिवसीय जिला स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता संपन्न हुई। शुक्रवार को प्रतियोगिता में जीत को लेकर खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। पहले दिन लड़कियों के मुकाबले हुए तो दूसरे दिन लड़कों के मुकाबले हुए। जिले भर से खिलाड़ी प्रतियोगिता में पहुंचे। यहां से विजेता बने खिलाड़ी प्रदेशस्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिन बच्चों का जन्म 2011-12 के बाद हुआ है वो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे। जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन सचिव वेदप्रकाश ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से युवाओं को आगे आने के अवसर मिलते है। बॉक्सिंग को लेकर युवाओं का रूझान निरंतर बढ़ रहा है जो भविष्य के लिए बॉक्सिंग के खेल के लिए अच्छे संकेत है। प्रतिभाओं की कोई कमी ग्रामीण अंचल में नहीं है। प्रतिभाओं को अगर अवसर मिले तो वो आगे आती है। इस तरह के आयोजन होने से प्रतिभाओं को आगे आने के अवसर मिलते हैं। युवाओं को नशे से दूर रहने के साथ.साथ दूसरों को नशे से बचने के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी दिलाया गया।



बॉक्सिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन जीत के लिए पसीना बहाते खिलाड़ी।



कैंसर पीड़ित पेगां गांव के बलवान को आर्थिक मदद करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### दो कैंसर पीड़ितों की आर्थिक मदद की

उचाना। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री जरूरमंद परिवारों के लिए सहारा बन रहे है। विधायक को मिलने वाले वेतन में से अब तक 36 परिवारों की आर्थिक मदद वो कर चुके है। विधायक ने कैंसर से पीड़ित पालवां के बलबीर पेगां के बलवान की आर्थिक मदद की। जरूरतमंद परिवार बोले विधायक उनके लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं है। विधायक से मिलने के बाद विधायक ने अपने वेतन से आर्थिक मदद की। वो देश के पहले ऐसे विधायक है जो जरूरतमंदों का सहारा बनते जा रहे है। ऐसा कोई विधायक नहीं देखा जो खुद के वेतन से किसी की मदद करता हो। अब से पहले वालों ने नहीं की खुद के वेतन से किसी तरह की मदद पाने वालों ने कहा कि अब से पहले यहां से अनेकों विधायक बने है लेकिन किसी ने भी इस तरह से जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक मदद अपने वेतन से नहीं की है जिस तरह विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री कर रहे है। आज के समय में वो जरूरतमंदों के लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं है।

### छात्रों ने सीखे आयुर्वेद चिकित्सा के गुर

जींद। राजकीय कालेज के द्वितीय वर्ष के छात्र व छात्राओं ने अपने इंटर्नशिप कोर्स के तहत आरोग्यं आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विषयक प्रायोगिक शिक्षा प्राप्त की। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने योग व प्राकृतिक चिकित्सा की विभिन्न विधाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा और सीखा। इस अवसर पर आचार्य सूर्यदेव आर्य तथा उनके सहायक राजेश ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक चिकित्सा की प्रमुख उपचार विधियों जैसे मिट्टी पट्टी, मिट्टी स्नान, कटि स्नान, गर्म पाद स्नान, भाप स्नान, एनिमा, गर्म-ठंडा सेक, पेट लपेट, सूर्य स्नान और मालिश की विस्तृत जानकारी दी तथा इनका वास्तविक प्रयोग दिखा कर छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया। विद्यार्थियों ने चिकित्सा केंद्र में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन कर उनके उपयोग और लाभों को समझा। महाविद्यालय से प्रो. शिवकुमार एवं प्रो. राहुल ने चिकित्सा केंद्र का दौरा किया और विद्यार्थियों के अनुभवों को जाना। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया।



जींद। जानकारी हासिल करते छात्र। फोटो :हरिभूमि



सेढ़ा माजरा से रवाना होने से पहले एकत्रित डाक कांवड़ लाने वाले शिव भक्त।

### हरिद्वार कावड़ लाने के लिए भक्त रवाना

उचाना। सेढ़ा माजरा गांव से हरिद्वार से डाक कांवड़ लेने के लिए रवाना शिव भक्तों ने गांव के मंदिर में पहुंच कर पूजा, अर्चना की। डीजे पर शिवभक्त शिव के गीतों पर खूब झूमे। भोला मिलेगा हरिद्वार मैं, हरिद्वार पै आवैगे गंगा मैं गोते लावैंगे, मैं भी बोला तू भी भोला, बोल बम-बम बम लहरी, सुनै ले मेरी भी मेरीए शिव का वंदन किया करो सहित शिव के गीतों पर शिवभक्त झूमे। इस बार डाक कांवड़ लाने को लेकर शिवभक्तों में अधिक रूझान दिखा। भगवान शिव की फोटो वाली टीशर्ट की इन दिनों खूबे बिक्री हो रही है। गाडियों की सजावट करके डाक कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार, गोमुख रवाना हो रहे है। दुकानदार राजेश, सुनील ने बताया कि सावन के महीने में कांवड़ लेने वाले हरिद्वार, गौमुख जाते हैं। ऐसे में जाने से पहले टीशर्ट सहित अन्य खरीददारी वो करते हैं। सावन के माह में सबसे अधिक भगवान शिव की फोटो वाली टीशर्ट, भगवा टीशर्ट की होती है। इस बार डाक कांवड़ लेने वालों की संख्या अधिक है। हर रोज 10 से 15 गाडियों की सजावट हो रही है।



उचाना। नपा में स्वास्थ्य विभाग के साथ मीटिंग करते नपा सचिव। फोटो :हरिभूमि

### डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग सक्रिय

उचाना। बारिश के मौसम में मच्छरों की संख्या बढने के कारण स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। शुक्रवार को उचाना में स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगबीर सिंह की अगुआई में नपा सचिव अरविंद कुमार के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डेंगू रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नपा के ट्रैक्टरों से जागरूकता संदेश का प्रसारण किया जाएगा। गलियों और खाली स्थानों में गड्ढों को भरवाया जाएगा। नियमित रूप से फॉगिंग की जाएगी। विभाग ने डेंगू मच्छर के बारे में जानकारी दी। एडीज नामक यह मच्छर साफ पानी में पनपता है। इसके शरीर पर बाघ जैसी धारियां होती हैं। ये दिन के समय में काटता है। जींद के सरकारी अस्पताल में डेंगू का टेस्ट निशुल्क किया जाता है। बचाव के लिए घर में पानी भरे कंटेनर ढक कर रखें। कूलर और पानी की टंकी सप्ताह में एक बार खाली करें। घरों में जाली वाले दरवाजे, खिड़कियां लगवाएं। मच्छरदानी का प्रयोग करें और पूरी बाजू के कपड़े पहनें। डेंगू के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द और शरीर पर लाल चकत्ते शामिल हैं।

## रोटरी क्लब मिड टाउन की इंस्टालेशन सेरेमनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोटरी क्लब जींद मिड टाउन की इंस्टालेशन सेरेमनी और गवर्नर विजिट का वीरवार रात को आयोजन किया । मुख्यअतिथि के रूप में रोटरी डिस्ट्रिक्ट के गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश गुप्ता व फस्ट लेडी शालिनी प्रकाश गुप्ता शामिल हुई। उन्होने नवनियुक्त प्रधान रोटेरियन तरुण जैन व सचिन रोटेरियन अशोक शर्मा और बोर्ड मेंबर को बधाई दी। इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर जॉन दस रोटेरियन नीरज गर्ग, असिस्टेंट लर्निंग फैसिलिटेटर जॉन नौ व दस रोटेरियन मायाराम देवली व नरवाना क्लब के प्रधान रोटेरियन विकास व उनकी टीम, कैथल से प्रधान रोटेरियन श्याम लाल व उनकी टीम, चीका से रोटेरियन नरेश और उनकी टीम, पानीपत से दोनों क्लबों के सदस्य के साथ-साथ रोटरी क्लब जींद के सभी सदस्यों उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि रवि प्रकाश गुप्ता ने कार्यक्रम में इस वर्ष की होने वाले प्रोजेक्ट को सांझा किया। जिसमें मुख्य रूप से थैलेसीमिया, ब्रेस्ट कैंसर, मेंटल हेल्थ, सर्वाइकल कैंसर ट्रेफिक अवेयरनेस और पॉलिथीन मुक्त भारत जैसे मुख्य प्रोजेक्ट पर प्रकाश डाला। संस्था सचिव अशोक कुमार ने कहा कि इस वर्ष अधिक से अधिक प्रोजेक्ट करेंगे। संबंधित मरीज को ढूंढ कर उनका इलाज सुनिश्चित करवाएंगे। क्लब में नौ नए सदस्यों को गवर्नर द्वारा रोटरी पिन लगाकर रोटरी सदस्य बनाया। दो जरूरतमंद महिलाओं को खाद्य सामग्री दी गई।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि



उचाना। नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम। फोटो :हरिभूमि

### नशा मुक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

उचाना। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के दिशा निर्देशन में नशा मुक्ति टीम इंचार्ज उपनिरीक्षक नरेश कुमार व उनकी टीम द्वारा एसबीएम पब्लिक स्कूल काकड़ोद, उदयपुर में डोर टू डोर सर्वे कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। नशा मुक्ति टीम इंचार्ज उपनिरीक्षक नरेश कुमार, स्कूल प्रिंसिपल संदीप शर्मा एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। नशा मुक्ति टीम ने गांव उदयपुर में डोर टू डोर जाकर आमजन से संवाद कर नशे से दूर रहने तथा नशा तस्करों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की गई। एसबीएम पब्लिक स्कूल गांव काकडोद में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नरेश कुमार ने कहा नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। विद्यार्थी देश का भविष्य हो। पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाओ, नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहो। अगर गांव या आसपास कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें ।

कार्यक्रम | भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशमंत्री ने रैली का दिया निमंत्रण

# गांव नंदगढ़ में बनेगा इतिहास, सम्मान समारोह को लेकर लोगों में खुशी की लहरः डा. भारत भूषण टाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना क्षेत्र के गांव नंदगढ़ में 19 जुलाई शनिवार को खेल स्टेडियम में होने वाली रैली व सम्मान समारोह में भीड़ जुटाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशमंत्री और चरखी दादरी जिले के प्रभारी डा. भारत भूषण टाक ने जुलाना और जींद के स्थान पर पहुंच कर रैली का निमंत्रण दिया और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के सम्मान के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। हरियाणा व दिल्ली सीएम के सम्मान के लिए समाज के हर वर्ग को निमंत्रण दिया जा रहा है। जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल और जिला प्रभारी डा. मदन गोयल के नेतृत्व में बेटी के सम्मान के लिए खाप नेताओं से भी संपर्क साधा गया। इसके साथ-साथ सभी समाज के लोगों से इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया गया है। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, विधायक देवेंद्र अत्री, रामकुमार गौतम के साथ-साथ सरकार व संगठन के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहने वाले हैं। जिलाध्यक्ष एडवोकेट तेजेंद्र ढुल व प्रभारी डा. मदनलाल गोयल के नेतृत्व में जुलाना कस्बे में प्रत्येक वार्ड में व मंडी में लोगों से संपर्क साध कर रैली में पहुंचने का निमंत्रण दे रहे हैं।

जुलाना विकास रैली को लेकर एकजुट हुए भाजपा कार्यकर्ता का जोश देखते ही बनता नजर आ रहा है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता ने नंदगढ़ में भीड़ जुटाने के लिए पसीना बहाने का काम कर दिया है। नगरपालिका चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा और पार्षदों के साथ प्रत्येक वार्ड में जोर लगा रहे है कि सभी पार्षद ज्यादा से ज्यादा लोगों को रैली में लेकर पहुंचें। इस मौके पर जिला महामंत्री पुष्पा तायल, मंडल अध्यक्ष प्रदीप मालवी, रवि आर्य, पार्षद जितेंद्र लाठर, संदीप तायल, राजेश, अश्वनी कांगड़ा, राहुल सिंगला, मंडी प्रधान पवन लाठर, पतराम तायल, नीरज कुमार, रामनिवास लाठर, पवन सैनी आदि मौजूद रहे।



जींद। बैठक को संबोधित करते डा. भारत भूषण टाक। फोटो :हरिभूमि




जींद। बच्चों को पौधे वितरित करते समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### पेड़-पौधों का जीवन में विशेष महत्व

जींद। युवा विकास समिति जींद के द्वारा पौधारोपण अभियान के चौथे दिन गांव बिशनपुर के सरकारी स्कूल में पौधे लगाए व बच्चों को वितरित किए गए। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल सीमा रेढू ने कहा कि पेड़, पौधों का मानव जीवन में बहुत महत्व है। पेड़ व पौधों से हमें कई लाभ भी होते हैं व फल, फूल, लकड़ी और दवाइयां प्रदान करते हैं। इसके अलावा हवा को शुद्ध करते हैं। मिट्टी कटाव को रोकते हैं और वन्य जीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। इसलिए इस बरसात के मौसम में हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ व पौधे लगाने चाहिए। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष प्रदीप ने कहा कि पेड़, पौधे ध्वनि तरंगों को अवशोषित करके ध्वनि प्रदूषण को कम करते हैं। पेड़ पौधों के आसपास रहने से मानसिक तनाव कम होता है और मन को शांति मिलती है। पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं। जिससे हवा शुद्ध होती है व धूल और अन्य प्रदूषकों को भी सोख लेते हैं। इस मौके पर स्कूल स्टाफ व सुनील, विनोद शर्मा, रणबीर, मोहित, गर्वित आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण विद्यालय को ताला लगाकर सभी शिक्षक संगठनों के साथ धरने पर बैठे

# प्राध्यापक पर गांव के ही युवकों द्वारा मारपीट करने को लेकर ग्रामीणों और अध्यापकों ने जड़ा स्कूल पर ताला

शिक्षक वर्ग मे भारी चिंता है की जब स्कूल में भी सुरक्षित नहीं है तो बाहर कौन सुरक्षा देगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

खंड के गांव सेरधा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक प्राध्यापक के साथ गांव के ही युवकों द्वारा मारपीट करने को लेकर ग्रामीणों ने स्कूल को ताला लगाकर सभी शिक्षक संगठनों के साथ धरने पर बैठे। धरणा स्थल पर अध्यापकों के साथ ग्रामीण व एसएमसी कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहे। ग्रामीणों व हरियाणा स्कूल लेक्चर एसोसिएशन के सदस्य अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी बीच प्रशासन की और से पुलिस व अन्य अधिकारी भी धरना स्थल पर पहुंचे व स्कूल स्टॉफ व ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन स्कूल स्टॉफ तथा हरियाणा स्कूल लेक्चर एसोसिएशन के सदस्यों ने जब तक आरोपियों को गिफ्तार नहीं किया जाएगा धरना चलता रहेगा।

प्रशासन के अधिकारियों को धरना उठाने व स्कूल का ताला खोलने से मना कर दिया हसला के जिला प्रधान राजीव मलिक ने बताया की जब स्कूल में अध्यापक ही सुरक्षित नहीं है सरकार और प्रशासन किसकी सुरक्षा कर रहे है। जनता व कर्मचारी किस के भरोसे काम करेंगे पिछले कुछ समय से प्रदेश मे शिक्षा के मंदिर रूपी स्कूलों मे शिक्षको पर हमले और हत्या का सिलसिला शुर हुआ है।जिससे शिक्षक वर्ग मे भारी चिंता है की जब स्कूल में भी सुरक्षित नहीं है तो बाहर कौन सुरक्षा देगा। कभी भी कही भी किसी की जान जा सकती है। वही राजौंद थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया की प्राध्यापक सुरेन्द्र कुमार की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है जबकि दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। जल्द ही मामले से जुड़े अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।





कैथल। धरना देते अध्यापक संघ के सदस्य व अन्य। व स्कूल पर ताला जडते एसएमसी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### मेडिकल करवाया

बता दें कि मंगलवार को दोपहर बाद जब कुछ दस्तावेज सत्यापित करने के लिए स्कूल पहुंचे थे। प्राध्यापक सुरेंद्र सिंह का कहना है कि दस्तावेज सत्यापित करने वाले युवक स्कूल परिसर में घूम लगे तो उन्होंने कार्यालय में बैठने के लिए कहा मामला शांत हो गया। लेकिन स्कूल की छुट्टी के बाद जब प्राध्यापक सुरेंद्र सिंह परिसर से बाहर निकले तो उनके साथ मारपीट शुरू कर दी, प्राध्यापक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस दौरान उनके कमर और चेहरे पर भी छोटी आई है स्कूल स्टाफ के अन्य सदस्यों ने उन्हें बचाया। गुरुवार को प्राध्यापक ने जिला नागरिक अस्पताल पहुंच कर अपना मेडिकल भी करवाया।

### आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा

खंड के गांव सेरधा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक प्राध्यापक के साथ गांव के ही युवकों द्वारा मारपीट करने को लेकर ग्रामीणों ने स्कूल को ताला लगाकर सभी शिक्षक संगठनों के साथ धरने पर बैठे। धरणा स्थल पर अध्यापकों के साथ ग्रामीण व एसएमसी कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहे। ग्रामीणों व हरियाणा स्कूल लेक्चर एसोसिएशन के सदस्य अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी बीच प्रशासन की और से पुलिस व अन्य अधिकारी भी धरना स्थल पर पहुंचे व स्कूल स्टॉफ व ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन स्कूल स्टॉफ तथा हरियाणा स्कूल लेक्चर एसोसिएशन के सदस्यों ने जब तक आरोपियों को गिफ्तार नहीं किया जाएगा धरना चलता रहेगा। प्रशासन के अधिकारीयों को धरना उठाने व स्कूल का ताला खोलने से मना कर दिया हसला के जिला प्रधान राजीव मलिक ने बताया की जब स्कूल में अध्यापक ही सुरक्षित नहीं है सरकार और प्रशासन किसकी सुरक्षा कर रहे है। जनता व कर्मचारी किस के भरोसे काम करेंगे पिछले कुछ समय से प्रदेश मे शिक्षा के मंदिर रूपी स्कूलों मे शिक्षको पर हमले और हत्या का सिलसिला शुर हुआ है।जिससे शिक्षक वर्ग मे भारी चिंता है की जब स्कूल में भी सुरक्षित नहीं है तो बाहर कौन सुरक्षा देगा। कभी भी कही भी किसी की जान जा सकती है। वही राजौंद थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया की प्राध्यापक सुरेन्द्र कुमार की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है जबकि दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। जल्द ही मामले से जुड़े अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप





### घर से नकदी व आभूषण चोरी के आरोपित दबोचा

**कैथल।** गुहला क्षेत्र के एक घर में चोरी करने के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत की अगुवाई में एसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी डेरा भाग सिंह गुहला निवासी हर्षप्रीत व महिला आरोपी चीका निवासी रेखा को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डेरा भाग सिंह गुहला निवासी जयकरण की शिकायत अनुसार 16 जुलाई की रात को अज्ञात चोर घर मे स्टोर से 44 हजार की नकदी व 1 तोला सोने के झुमके चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज कर लिया गया। दोनों आरोपी शुक्रवार को अदालत में पेश किए गए, जहां से दोनों आरोपियों का व्यापक पूछताछ के लिए 1 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया हैं।

### खेत से हजारों का सामान चोरी

**कैथल।** गांव नरड चोर खेतों से हजारों रुपये का सामान चुरा कर ले गए। गांव नरड के रामचंद्र ने सीताराम पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 जुलाई को चोर उसके खेत में बने कमरे से केवल तार तथा यूरिया के 10 बैग चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 5000 बताई गई है। मुख्य सिपाही पवन कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मानव सेवा को बनाया अपना ध्येय

**कैथल।** स्वस्थ मन सुंदर मुस्कान संकल्प को लेकर चले कैथल शहर के जानेमाने मनोरोग विशेषज्ञ डॉ विवेक गर्ग और दंत चिकित्सक डॉ नीतू गर्ग ने आज अपनी चिकित्सा सेवा के 20 वर्ष संपूर्ण किए। इस अवसर पर करनाल रोड़ पर स्थित गर्ग मनोरोग एवं डेंटल क्लीनिक पे मरीजों, स्टाफ एवं मित्रों के साथ मिलकर केक काटा गया। साथ ही साथ सभी मरीजों के लिए नाश्ते का प्रबंध किया गया और स्टाफ को डॉ विवेक एवं डॉ नीतू द्वारा उनके सहयोग के लिए भेंट प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ दंपत्ति ने कहा कि चिकित्सा सेवा में उनका यह 20 साल का सफर बेमिसाल रहा।





### एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम को लेकर बैठक

**कैथल।** जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग द्वारा संचालित "एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम" के अंतर्गत जिला कैथल में माई भारत पोर्टल से जुड़कर युवाओं के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शनों के सर्वेक्षण की योजना को लेकर जिला सलाहकार दीपक कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में हुई, जिसमें सभी ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर्स ने भाग लिया। 9 को पंचकूला मुख्यालय से जारी पत्र के अनुसार प्रदेश भर के सभी शहरों और ग्राम पंचायत में माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जाएगी।

### भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगाः सतपाल

**पूंडरी।** हलका विधायक सतपाल जांबा ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि हलके में चल रहे किसी भी विकास कार्य में भ्रष्टाचार की कोई भी गुंजाइश नहीं छोड़ी जाएगी। जांबा ने कहा कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति यह नहीं कह सकता कि विधायक ने किसी भी कार्य में किसी भी प्रकार की डिमांड की हो। उनका उद्देश्य केवल यह है कि सभी विकास कार्य पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ हों।

जांबा ने पूंडरी में पूंडरी-ढांड रोड पर निर्माणाधीन नाले व सडक़ किनारे लगाए जा रहे ब्लॉक्स का औचक निरीक्षण किया।

# देश में जंगल राज, सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी : रामपाल माजरा

- इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उसके परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि प्रदेश में जंगल राज है, लॉ एंड आर्डर का दिवालिया पिट गया है। आए दिन प्रदेश में हात्या, डकैती और फिरौती मांगना आम बात हो गई है। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी है। रामपाल माजरा अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इनेलो नेता स्वर्गीय नफे सिंह राठी को भी धमकी मिली थी, इसके बाद नफे सिंह राठी ने सरकार को लिखित में मांग पत्र देकर सिक्योरिटी देने की मांग की थी, उन्हें सिक्योरिटी नहीं दी गई और उनकी हत्या हो गई है। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला को धमकी दी, उन्हें भी नफे सिंह राठी जैसा ह्रस करने की बात कही है। अभय सिंह चौटाला को भी सरकार ने सिक्योरिटी नहीं दी थी, हाइकोर्ट के माध्यम से वाई श्रेणी की सिक्योरिटी मिली हुई है। इसके और मजबूत करने की जरुरत है, परिवार को भी सिक्योरिटी मिलनी चाहिए। धमकी के बाद चंडीगढ़ पुलिस और हरियाणा सरकार को शिकायत की है, बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई है इनेलो का कोई पदाधिकारी या कार्यकर्ता किसी धमकी से नहीं डरता, लेकिन प्रदेश का आम जन मानस का क्या हाल होगा।



कैथल। इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा पत्रकारों से बातचीत करते हुए

### त्यौहारों का भी नहीं ध्यान

सरकार ने तीज पर सीईटी की परीक्षा का आयोजन कर रही है, तीज का हरियाणा में बहुत बड़ा महत्व है, प्रदेश के युवा तीज मनाने की बजाए पेपर देने जाएंगे। युवाओं को सेंटर भी दूर के जिलों में बनाए गए है। कैथल के युवाओं का सेंटर पंचकुला और चंडीगढ़ में दिया है, यह बेरोजगार युवाओं से खिलवाड़ है। लड़कियों को भी ज्यादा दूरी पर पेपर देने के लिए जाना पड़ेगा।

### समाधान शिविर में आई शिकायतों का जल्द करें समाधान

**कैथल।** डीसी प्रीति ने लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों व अन्य माध्यमों से प्राप्त हुई शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध शिकायतों का समाधान करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीसी ने कहा कि हर सोमवार व वीरवार को जिला मुख्यालय पर लघु सचिवालय में व उपमंडल स्तर पर कलायत व गुहला-चीका में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। आमजन इन शिविरों में अपनी शिकायत दे सकते हैं। अधिकारी आमजन की इन शिकायतों को गंभीरता से लें। डीसी ने पंचायत, पुलिस, राजस्व, बिजली, सिंचाई, जनस्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों की नई व पुरानी शिकायतों की एक-एक कर समीक्षा की। इससे पूर्व राज्यस्तर पर जिला अनुसार समाधान शिविरों में आई शिकायतों की समीक्षा की गई।

भुना में कानूनी शिविर का आयोजन

# लड़कियों को भी लड़कों के जैसे आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खंड गुहला के गांव भुना में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्कीम के तहत कानूनी शिविर आयोजित किया गया। जिसमें गांव की औरतों, आंगनबाड़ी वर्करों, आशा वर्कर, एएनएम ने भाग लिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर दीप्ति ने महिलाओं को जागरूक करते कहा कि लड़के और लड़की में भेदभाव न करें तथा लड़कियों को भी लड़कों के जैसे आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें। ऐसी सामाजिक कुरीतियों का विरोध करें तथा इन्हें समाज में बढ़ने से रोकें। उन्होंने कहा कि लड़कियों की शादी 18 वर्ष से पूर्व न करें। लड़की के जन्म पर कुआं पूजन कर जन्मोत्सव मनाएं। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि बाल विवाह पर पूर्णतया रोक लगाएं तथा यदि कोई भी व्यक्ति ऐसा करता है तो उसकी सूचना विभाग को दें। सुपरवाइजर दीप्ति ने महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या न करने के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा गांव मे यदि को व्यक्ति लिंग जांच जैसी घटनाओं को अंजाम देता है, तो उसकी सूचना तुरंत निजी स्वास्थ्य केंद्र में दें, ताकि लिंगानुपात न बिगड़ सकें।

कैंप के दौरान गुहला कोर्ट से एडवोकेट विशाल जिंदल, कृष्णा और राम प्रकाश एडवोकेट भी मौजूद रहे। उन्होंने औरतों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ मिलने वाली लीगल एड्स के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। महिलाओं को विभिन्न कानूनी विषयों जैसे कि घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज, और अन्य सामाजिक-कानूनी मुद्दों पर जानकारी दी गई। इसके अलावा, महिलाओं को कानूनी सहायता की भी जानकारी दी गई।



कैथल। कानूनी जागरूकता शिविर के दौरान महिलाएं फोटो : हरिभूमि





पूंडरी। माता महोल्ला शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान पुजारी।

### सावन मास भगवान शिव को सबसे प्रिय, व्रत पूजन से मिलता है विशेष फल : रविदत्त शास्त्री

पूंडरी। सावन मास का शुभ अवसर भगवान भोलेनाथ की भक्ति और आराधना का सबसे पावन समय होता है। पुण्डरी के प्रमुख पं. रविदत्त शास्त्री ने बताया कि यह माह भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है और इस दौरान किया गया व्रत, उपवास और जलाभिषेक विशेष फलदायक माना गया है। प. रविदत्त ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सावन में रुद्राभिषेक, शिव पुराण पाठ, महामृत्युंजय जाप व बेलपत्र अर्पण करने से न सिर्फ कष्ट दूर होते हैं, बल्कि मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि जो भक्त श्रृद्धा व भक्ति से शिव की आराधना करते हैं, उन्हें हर क्षेत्र में सफलता, स्वास्थ्य और मानसिक शांति प्राप्त होती है। सावन में भगवान शिव की कृपा से सभी ग्रहदोष भी शांत होते हैं। माता महोल्ला शिव मन्दिर में सावन मास में प्रतिदिन विशेष पूजन, आरती व भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जलाभिषेक के लिए दूर-दूर से श्रद्धालुओं ने आकर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं के लिए विशेष जल-प्रदाय व्यवस्था, सुरक्षा व प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। प. रविदत्त शास्त्री ने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में शिव साधना मानसिक शांति और आत्मबल का सबसे सरल उपाय है। यदि हम नियमित रूप से शिव नाम का स्मरण करें।

# सर्वजन हिताए-सर्वजन सुखाए ट्रस्ट द्वारा जल्द बनाया जाएगा दो एकड़ में वृद्ध आश्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा सरकार में ओएसडी प्रभलीन सिंह ने कहा कि आज सामाजिक कार्यों में हम सबकी भागीदारी ज्यादा होनी चाहिए। बुजुर्गों के आश्रय की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि समाज में बदलाव हुआ है और कुछ बुजुर्ग परिवार की उपेक्षा के कारण एकांकी जीवन जीने को मजबूर होते हैं। ऐसी स्थिति में समाज सेवी संस्थाओं को आगे आना होगा और उन बुजुर्गों के सेवार्थ कार्य करने होंगे। इस दिशा में सर्वजन हिताए-सर्वजन सुखाए ट्रस्ट द्वारा कैथल की दो एकड़ भूमि में वृद्ध आश्रम बनाया जाएगा, जिसके लिए जगह की तलाश की जा रही है। हरियाणा सरकार में ओएसडी प्रभलीन सिंह शुक्रवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में संस्था से संबंधित सदस्यों की बैठक लेकर वृद्ध आश्रम बनाने को लेकर बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज बदल रहा है और हमें अब इस विषय पर लोगों को जागरूक करना होगा। स्कूल व कॉलेजों में विशेष शिविर लगाने होंगे। बुजुर्गों की सेवा करना बच्चों का कर्तव्य बनता है, लेकिन कुछ बच्चे गलत दिशा में चलकर अपने माता-पिता से दुर्व्यवहार करते हैं और उनका ध्यान नहीं रखते। ऐसी स्थिति में ही इन वृद्ध आश्रम की आवश्यकता पड़ती है। सर्वजन हिताए-सर्वजन सुखाए ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने जो यह कदम उठाया है, वह काफी सराहनीय है। समाज सेवी संस्थाओं को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए।



कैथल। हरियाणा सरकार में ओएसडी प्रभलीन सिंह कार्यकर्ताओं के साथ।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अशोक भारती, जरनैल सिंह, कंवल आहूजा, गुरचरण सिंह, सचिन धमीजा, अरविंद कालरा, नवीन मल्होत्रा, प्रवीण ढिल्लो, चंद्र मलिक, दिनेश अरोड़ा, साहब सिंह, सतिंदर भाटिया, प्रशांत आनंद, राजिंदर सिंह, लाड़ी, सतीश सेठ, दीपक अग्रवाल, अजीत सिंह, मंदीप सिंह, सिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा और नगर परिषद की नाकामी के कारण कैथल की सुंदरता को लगा ग्रहण : सुरजेवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के तहत हाल ही में जारी स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में कैथल शहर और नगर परिषद का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत हाल ही में जारी स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में कैथल शहर और नगर परिषद का 61वां स्थान प्राप्त हुआ है, जो भाजपा के शासन में स्वच्छता के दावों की पोल खोलता है। यह रैंकिंग न केवल कैथल के लिए शर्मनाक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि भाजपा सरकार स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति कितनी गंभीर है। कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने भाजपा व कैथल नगर परिषद की नाकामी को जाहिर करते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोला।



आदित्य सुरजेवाला

### कैथल शहर में स्वच्छता के क्षेत्र में स्थिति हुई बद से बदतर

आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल शहर में स्वच्छता के क्षेत्र में स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। गलियों में फैली गंदगी, कचरा प्रबंधन की कमी और नालियों का जाम होना आम बात हो गई है। नगर परिषद द्वारा कचरा निस्तारण और स्वच्छता के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप शहर की रैंकिंग में भारी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों पर कचरे के ढेर, भरी हुई नालियां, और अनियोजित कचरा प्रबंधन ने कैथल को स्वच्छता रैंकिंग में पीछे धकेल दिया है। नगर परिषद की उदासीनता और लचर कार्यप्रणाली के कारण शहरवासियों को गंदगी और बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सीईटी परीक्षा के तहत कैथल में 33 परीक्षा केंद्रों पर 34 हजार देंगे परीक्षा

# परीक्षार्थी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की हिदायतों का पालन करें

- परीक्षार्थियों के लिए सुविधाजनक तरीके से आयोजित करने के लिए तमाम पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि 26 व 27 जुलाई को हरियाणा में संयुक्त पात्रता (सीईटी) परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सरकार द्वारा परीक्षा को पूरी तरह से नकल रहित व परीक्षार्थियों के लिए सुविधाजनक तरीके से आयोजित करने के लिए तमाम पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सफल आयोजन के लिए प्रत्येक केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। परीक्षार्थियों को आवागमन व ठहरने के लिए जरूरत अनुसार पूर्ण व्यवस्था रहेगी। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा निर्धारित हिदायतों की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी। परीक्षार्थी इस संबंध में जारी हिदायतों का पालन करें।

डीसी प्रीति लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस हॉल में पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि जिला कैथल में 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब 34 हजार परीक्षार्थियों परीक्षा देंगे। यह परीक्षा दो-दो शिफ्टों में प्रातः कालीन व सायं कालीन सत्र में करवाई जाएगी। इन सभी केंद्रों पर कड़ी पुलिस सुरक्षा रहेगी।

इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल के प्रयोग को लेकर भी विशेष हिदायतें जारी की जाएंगी। कोई भी स्टाफ सदस्य परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल लेकर नहीं जाएगा। किसी भी प्रकार की नकल व अन्य अवांछित गतिविधियों को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों सहित तमाम सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। परीक्षा की निगरानी राज्य स्तर पर भी की जाएगी। संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारी परीक्षा केंद्रों का दौरा करेंगे। धर्मशालाएं व सामुदायिक केंद्रों को रिजर्व रखा जाएगा, ताकि परीक्षा में लेट होने की स्थिति में परीक्षार्थी की सहमति अनुसार ठहराने की व्यवस्था की जाएगी। जिला में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत कोई भी परीक्षार्थी अपनी समस्या दर्ज करवा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम तुरंत समस्या का समाधान करवाएगी। समुचित परीक्षा संचालित हो, इसके लिए पूरा प्लान तैयार किया गया है।





कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

### काफी राहत मिलेगी

उन्होंने स्वयं कुछ स्थानों पर निरीक्षण किया है, जहां जन स्वास्थ्य विभाग के नालों की सफाई में कुछ समस्याएं प्रशासन के संज्ञान में आई थी। टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से एक मशीन मंगवाई गई है, जो निरंतर कार्य कर रही है। यह मशीन दिन-रात कार्य कर रही है, जिससे लगभग 200 से 250 फुट प्रतिदिन सफाई की जा रही है। आने वाली बरसात में लोगों को इसमें काफी राहत मिलेगी।

### शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश

अन्य सवाल के जवाब में डीसी ने कहा कि आमजन चाइनीज डोर से संबंधित जानकारी जिला प्रशासन के संज्ञान में जरूर लाएं। इन मामलों को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि घटनाओं के शिकार भी हम होते हैं और प्रयोग भी हम ही कर रहे हैं। इन हानिकारक वस्तुओं से बचें। यदि कोई शिकायत प्राप्त होगी तो जिला प्रशासन तुरंत कार्रवाई अमल में लाएगा।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर लाखों का सामान चुराया

**कैथल।** जिले के गांव सिसमौर से चोर एक मकान में घुसकर वहां पर रखे लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चुरा कर ले गए। गांव सिसमोर के अमित कुमार ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 जुलाई को रात के समय कर उसके मकान में घुसकर वहां पर रखे 10000 की नकदी तथा सोने में चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए।

### घर में घुसकर हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** डेरा भाग सिंह से चोर एक मकान में घुसकर वहां पर रखे हजारों रुपए की नगदी तथा सोने में चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए। डेरा भाग सिंह गुहला के जसकरण ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 जुलाई को चोर उसके मकान में घुसकर वहां पर रखे 40000 की नकदी तथा सोने के जेवरात चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 50000 बताई गई है। उप निरीक्षक विजेंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

### ध्रुव पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद चुनाव संपन्न

**पूंडरी।** ध्रुव पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद चुनाव शांतिपूर्ण और उत्साही माहौल में संपन्न हो गए। छात्रों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ वोटिंग प्रक्रिया में भाग लिया और अपने-अपने प्रतिनिधियों को चुना। चुनाव के नतीजों के बाद स्कूल परिसर में जश्न और उल्लास का माहौल देखने को मिला। विजेता छात्रों का स्वागत किया।

## निडाना तथा किनाना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की रखेंगे आधारशिला

# आज जुलाना को 16.40 करोड़ के विकास की सौगात देंगे सीएम

वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान ड्रोन, हथियार व वाहनों पर प्रतिबंध
डीसी व एसपी ने जुलाना में होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जुलाना उपमंडल में 19 जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने नंदगढ़ गांव में सभा स्थल तथा अन्य कार्यक्रम स्थलों पर पहुंच कर वहां चल रही तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि इन सभी कार्यक्रमों में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगी। इस दिन मुख्यमंत्री जुलाना उपमंडल में लगभग साढ़े 16 करोड़ की लागत से हो रहे विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं।





जींद। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए डीसी व एसपी। फोटो : हरिभूमि

### मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान जुलाना उपमंडल में होने वाले विकास कार्यो में नंदगढ गांव में लगभग 8 लाख रूपए की लागत से बनाई गई ई लाईब्रेरी, 10 लाख 87 हजार रुपये की लागत से बनी इंडोर जिम तथा साढ़े 55 लाख रुपये की लागत से स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाया जा रहा उपस्वास्थ्य केंद्र तथा सिंचाई विभाग द्वारा सुंदर सब ब्रांच पर लगभग दो करोड़ 35 लाख रुपये से बनाए गए पुल, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा 90 लाख 56 हजार की लागत से राजगढ़ से झमोला गांव तक बनने वाली सड़क तथा गांव खरेंटी से झमोला रोड का उद्घाटन भी किया जाएगा। इस परियोजना पर एक करोड़ 77 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा निडाना गांव में लगभग पांच करोड़ 32 लाख रुपये तथा किनाना गांव में पांच करोड़ 73 लाख रुपये से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की आधारशीला भी रखी जाएगी।

### जनसभा में आने के लिए अलग-अलग रास्त बनाए

नंदगढ गांव में आयोजित जनसभा में पहुंचने वाले लोगों तथा वीवीआईपी के लिए अलग-अलग रूट बनाए गए हैं। समारोह स्थल पर वीवीआईपी के बैठने के लिए अलग से स्टेज बनाई गई है। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी अलग से मंच स्थापित किया गया है। पंडाल में महिला व पुरूषों के लिए अलग-अलग वर्ग बना कर इनमें कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। साथ ही बारिश के सीजन को देखते हुए वाटरप्रूफ पंडाल लगाया गया है। सभा स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल तथा अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था भी की गई है।

### सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध : एसपी

सभा स्थल व अन्य कार्यक्रम स्थलों के मुआयने के दौरान पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि जुलाना में मुख्यमंत्री आगमन के मध्य नजर सुरक्षा के तमाम इंतजाम किए गए हैं। सभी सड़कों पर आमजन का आवागमन भी रोजमर्रा की तरह सुचारू रूप से रहे। सभा में आने वाले वाहनों की वजह से कहीं भी भीड़ या जाम की स्थिति न बने, इसके लिए सभी चौराहों, सड़कों के टी प्वाइंटस, सर्विस रोड पर बाकायदा पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सभा स्थल तक लोगों के आने की सुविधा के मद्देनजर सभी नाकों एवं आवश्यक जगहों पर यातायात पुलिस के जवानों की ड्यूटी रहेगी।

### वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान ड्रोन

हरियाणा एवं दिल्ली के मुख्यमंत्रियों के 19 जुलाई शनिवार को जिला जींद स्थित जुलाना एवं गांव नंदगढ़ में प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताए 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश पारित करते हुए कार्यक्रम स्थल व हैलीपैड के 2 किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, पैराग्लाइडर, मानव रहित विमान आदि उड़ाने पर, हथियार लेकर चलने, खुले पेट्रोल, डीजल की बोतलें रखने एवं वीवीआईपी मार्ग के 75 मीटर क्षेत्र में वाहन खड़े करने पर रोक लगाई है। यह आदेश आमजन की सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु एकपक्षीय रूप से जारी किया गया है।

## वेदांता किड्स में राइटिंग वर्कशॉप का आयोजन



नरवाना। कक्षा में मौजूद बच्चे। फोटो :हरिभूमि

■ छात्रों की प्रतिभा को देखकर प्रफुल्लित हुए शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूलए बसंत विहार में विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु एक विशेष राइटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कक्षा 1से 5 तक के सभी छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन स्कूल के डायरेक्टर प्रदीप नैन व प्रधानाचार्या रश्मि जैन ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में रचनात्मक लेखन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लेखन न केवल भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम हैए बल्कि यह सोचने और समझने की क्षमता को भी विकसित करता है। वर्कशॉप के द्वारा छात्रों ने अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने और अपने लेखन कौशल को विकसित करने का अवसर प्राप्त किया। इस वर्कशाप का संचालन राइटिंग एक्सपर्ट दीपिका द्वारा किया गया।छात्रों को लेखन अभ्यास भी करवाया गयाए जिसमें उन्होंने विभिन्न विषयों पर अपनी कल्पनाशक्ति का प्रयोग करते हुए रचनाएं प्रस्तुत कीं। छात्रों में इस वर्कशॉप को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों के लिए यह वर्कशॉप बहुत प्रेरणादायक रही। बच्चों ने लेखन शैलियों और तकनीकों के बारे में सीखा। विद्यालय के डायरेक्टर प्रदीप नैन ने कहा कि लेखन प्रक्रिया बच्चों के विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य करती हैए यदि आरंभ से ही बच्चों के लेखन में सुधार कार्य कर दिया जाए तो बच्चों को किस तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। वेदांता किड्स अपने विद्यार्थियों के सर्वज्ञ विकास के लिए हमेशा तत्पर रहता है।

कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विद्यालय के प्रबंधक गणों द्वारा राइटिंग एक्सपर्ट व सभी अध्यापिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आशा जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ निरंतर आयोजित की जाएंगी।

## 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टाल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद चलाए जा रहे 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टाल उद्यमी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में 35 प्रशिक्षणार्थियों ने फास्ट फूड स्टाल उद्यमी का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरान्त ये प्रशिक्षणार्थी अपना काम शुरु करके अपने परिवार की आय बढ़ाएंगी व अपनी जीवन शैली में सुधार करेंगी और आत्मनिर्भर बनेंगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यअतिथि पंजाब नैशनल बैंक अग्रणी जिला प्रबंधक अनुपम मरांडी ने शिरकत की।



जींद। प्रशिक्षण के बाद मौजूद प्रशिक्षणार्थी।

मरांडी ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि आज के युग में महिलाएं कैसे अपना रोजगार करके आगे बढ़ रही है और कितने बड़े स्तर तक अपना काम बढ़ाया है। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के तहत सब्सिडी वाला लोन लेकर अपना काम शुरू कर सकती हैं।

## पूजा कुमारी को अमेरिका की स्टेट यूनिवर्सिटी में मिला दाखिला

■ सीआरएसयू की गणित विभाग की छात्रा है पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के गणित विभाग की छात्रा पूजा कुमारी ने संयुक्त राज्य अमेरिका की स्टेट यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्राप्त कर विश्वविद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने पूजा को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र हमारे विश्वविद्यालय की पहचान बनते हैं और आने वाले



विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत होते हैं। गणित विभाग के अध्यक्ष ने पूजा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा किए पूजा कुमारी विश्वविद्यालय की एक होनहार छात्रा रही हैं। उनका अमेरिका की स्टेट यूनिवर्सिटी में दाखिला न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है बल्कि यह हमारे विभाग की गुणवत्ता और शिक्षा के स्तर का भी प्रमाण है। पूजा कुमारी ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ निश्चय से यह सफलता अर्जित की है।

## वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण : रणधीर मताना

■ गांव सेंथली जलघर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने गांव सेंथली के जलघर का निरीक्षण किया। यहां सहयोगी कर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। इस मौके पर सरपंच जयप्रकाश, विक्रम, रामनिवास, कृष्ण कुमार, सोहन लाल आदि मौजूद रहे। रणधीर मताना ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग द्वारा पौधे लगाए जा रहे हैं। पेड़, पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। पेड़ पौधे न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं बल्कि



जींद। पौधे रोपते हुए रणधीर मताना।

तमाम प्रकार के फल फूल, जड़ी बूटियां और लकडियां आदि भी देते हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए व उनकी देखभाल करनी चाहिए। इससे प्रकृति के सुंदरता और पर्यावरण में शुद्धता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल एवं पेड़ पौधों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए।

## महमूदपुर के स्कूल में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गुहला खंड के गांव महमूदपुर के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अटल भूजल योजना के तहत चलाए जा रहे वृक्षारोपण स्वामित्व अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया। पौधारोपण अभियान का शुभारंभ कृषि विभाग के सहायक भूमि जल संरक्षण अधिकारी डा. कुलदीप सिंह, प्रिंसिपल संजय शर्मा व आईईसी एक्सपर्ट विक्रम सिंह ने किया। उन्होंने पौधारोपण के साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील भी की, ताकि आने वाले समय में हमें जलवायु परिवर्तन जैसी समस्या का सामना न करना पड़े। इस मौके पर स्कूल



पूंडरी। महमूदपुर के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण करते स्टाफ सदस्य।

में विभिन्न तरह के 20 से अधिक पौधे लगाए गए। इसके अलावा विद्यार्थियों को भी पौधे वितरित किए गए। साथ ही उन्हें पौधा लगाते हुए देखभाल करने और जियोटैग पिक्चर लेने के लिए भी प्रेरित किया। उनके बाद एग्रीकल्चर इंस्पेक्टर अनिल कुमार, एग्रीकल्चर एस्पर्ट विशाल कंबोज, शोभित अग्रवाल, सुखदीप सिंह व स्कूल स्टाफ ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



पूंडीरी। श्मशान घाट फतेहपुर में पौधारोपण करते पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई बहादुर सिंह। फोटो :हरिभूमि

### फतेहपुर में चलाया गया पौधरोपण अभियान

**पूंडरी।** हरियाली व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए समाजसेवी कंवर जीत वालिया व गांव फतेहपुर के ग्रामीणों द्वारा राम बाग श्मशान घाट परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी पौधारोपण को निरंतरता देते हुए 108 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया था, जिसे पार करते हुए लगभग 125 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई बहादुर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इंचार्ज बहादुर सिंह व उनके साथ आए पुलिस कर्मचारियों का आभार प्रकट किया और उनका पुष्पगुच्छों से स्वागत किया। कार्यक्रम में वन विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस सामाजिक कार्य की प्रशंसा करते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग देने की बात कही। मौके पर समाजसेवी कंवरजीत वालिया ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिन का काम नहीं, यह जीवनशैली बननी चाहिए।

## भारत तिब्बत समन्वय संघ की पूरे राष्ट्र में संकल्प प्रार्थना की चल रही मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

दलको पतराम नगर स्थित दुर्गा मंदिर में भारत तिब्बत समन्वय संघ के राष्ट्रीय सह मंत्री राजेन्द्र गुप्ता अमरगढ़वाला द्वारा भोलेनाथ की प्रतिज्ञा का संकल्प लेने हेतु संघ के पदाधिकारी नगर संघ चालक सुंदर, पूर्व जिला संचालक डॉक्टर विनोदए पवन वरिष्ठ स्वयंसेवक, मंदिर पुजारी गीता राम द्वारा संकल्प का आयोजन किया गया। इसके अंदर सैकड़ो की संख्या में भक्त जनों ने हर हर महादेव के जय कारे लगाते हुए भारत तिब्बत समन्वय संघ के राष्ट्रीय सह मंत्री द्वारा करवाई गई प्रतिज्ञा में हिस्सा लिया कि हे भोलेनाथ आप



नरवाना। प्रार्थना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

अपने मूल निवास मूल स्थान कैलाश मानसरोवर को चीन के चंगुल से मुक्त करवाएं। राजेंद्र गुप्ता ने बताया यह संकल्प पूरे राष्ट्र के अंदर हमारे पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी की देख देख में पूरे राष्ट्र के अंदर केंद्रीय संयोजक हरेंद्र तोमर राजो मालवीय द्वारा पूरे जोर.जोर से चलाया जा रहा है। हरियाणा प्रांत के अंदर महिला अध्यक्ष डॉक्टर कुसुम राणा व राष्ट्रीय महिला महामंत्री डॉक्टर रूक्मेश चौहान द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पतराम नगर नरवाना में स्थित दुर्गा मंदिर में मुख्य तौर से अग्रोहा धाम ट्रस्ट की महिला इकाई की अध्यक्ष नीलम बंसल,रेखा, पूजा, रश्मि, अलका आदि भक्तों ने भाग लिया।

### डीबी के स्कूल को एनसीसी ग्रांट मिलने पर हर्ष जताया

**नरवाना।** डी बी के पब्लिक स्कूल को गर्व है कि उसे राष्ट्रीय कैडेट कोर की ग्रांट प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार में हर्ष और उल्लास का माहौल है। स्कूल के निदेशक राजेश शर्मा जो स्वयं पिछले 12 वर्षों से एक प्रशिक्षित एनसीसी ट्रेनर रहे हैंए ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी छात्र कैडेट्स को नामांकन के लिए हार्दिक बधाई दी है। साथ ही उन्होंने नव नियुक्त कैरेट ट्रेनिंग ऑफिसर अमरजीतए और संपूर्ण स्कूल स्टाफ को इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद और शुभकामनाएं दीं। अमरजीत शर्मा ने कहा कि डी बी के पब्लिक स्कूलए एनसीसी के सभी मानक नियमों का पूर्णतः पालन करता है और निकट भविष्य में यह स्कूल एनसीसी के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि एनसीसी का हिस्सा बनने से छात्रों को राज्य व केंद्र सरकार की नौकरियों में विशेष लाभ मिलेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

## शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में हुई अंग्रेजी स्पेलिंग प्रतियोगिता

■ सभी हाउस के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसकी समस्त स्कूल स्टाफ ने सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए एक रोमांचक अंतर हाउस अंग्रेजी स्पेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के चारों हाउस जिसमें रमन हाउस, कलाम हाउस, टेरेसा हाउस और टैगोर हाउस के छात्रों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की इस प्रतियोगिता में अद्भुत




जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

उत्साह देखने को मिला। छठी से बारहवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने अपनी स्पेलिंग की दक्षता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रत्येक हाउस के बच्चों ने अंग्रेजी शब्दों की सही वर्तनी बताने में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। छठी से बारहवीं कक्षा तक के सभी बच्चों को दो ग्रुप में बांटा गया छठी से आठवीं कक्षा तक प्रथम ग्रुप और नवमी और बारहवीं कक्षा तक द्वितीय ग्रुप प्रथम ग्रुप छठी से आठवीं तक कलाम हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें नूरए इशू एमीनाक्षी और विहान बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखायाए द्वितीय ग्रुप नवमी से बारहवीं में रमन हाउस ने पहला स्थान प्राप्त किया जिसमें गर्वित एशगुनए तनिष्का और कोमल बच्चों ने इंग्लिश भाषा में अपनी दक्षता को दिखाया। कड़े मुकाबले के बाद परिणाम घोषित किए गए जिसमें सभी हाउस के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बावजूद बच्चों ने कठिन शब्दों की स्पेलिंग में अपनी दक्षता दिखाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में भाषा कौशल का विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुझे प्रसन्नता है कि हमारे बच्चे अंग्रेजी भाषा की बुनियादी बातों को इतनी अच्छी तरह से सीख रहे हैं। यह प्रतियोगिता न केवल उनकी स्पेलिंग क्षमता को बढ़ाएगी बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी पैदा करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में भाषा कौशल का विकास भविष्य की नींव रखता है। हमारा उद्देश्य है कि बच्चे खेल.खेल में सीखें और अपनी प्रतिभा को निखारें।

इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों को मंच पर आने का अवसर प्रदान करती हैं। मुझे विश्वास है कि यह अनुभव उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा। विधालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार व सचिव सुनील कुमार और अध्यापकों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किए और भविष्य में ऐसी प्रतियोगिता का नियमित आयोजन करने का निर्णय लिया।